पेज थ्री देहरादून
बैठक को संबोधित करते अनिल डोभाल।
देहरादून, सोमवार, 14 फरवरी 2022
पेज 8



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी प्रत्याशी अनिल डोभाल ने बूथ प्रबंधन को लेकर की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर विधानसभा सीट से उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी अनिल डोभाल ने अपर तुनवाला, गढ़वाली कॉलोनी, मयूर विहार में जनसम्पर्क किया। तत्पश्चात् विधानसभा सभा क्षेत्रों मे बूथ प्रबंधन के लिए कार्यक्रताओं को बूथ यानि बस्ता वितरण किया गया। पूरे विधानसभा क्षेत्र को चार सेक्टरों मे बांटकर चुनाव को सफल व सुचारु रूप से संचालित करने की व्यवस्था की गई है।

### प्रदेश में 286 नए कोरोना संक्रमित मिले, छह मरीजों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में बीते 24 घंटे के भीतर 286 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि छह मरीजों ने दम तोड़ा है। 580 ठीक हुए हैं और 6212 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। उत्तराखंड में बीते सात दिन में 43 सौ से अधिक मामले आए हैं और 36 मौतें हुईं हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक देहरादून जिले में 124, अल्मोड़ा में 03, हरिद्वार में 30, पौड़ी में 11, चमोली में 41, पिथौरागढ़ में 20, नैनीताल में 15, टिहरी में 13, ऊधमसिंह नगर में 03, रुद्रप्रयाग में 02, उत्तरकाशी में 05, बागेश्वर में 02, चंपावत जिले में 14 संक्रमित मिले हैं। सात दिन में 4300 से अधिक संक्रमित मामले और 36 मौतें हुई हैं।

### धर्मपुर सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी बीर सिंह पंवार ने मुकाबले को बनाया दिलचस्प

**संवाददाता** देहरादून। धर्मपुर विधानसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी बीर सिंह पंवार ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने रोड शो के माध्यम से अपनी ताकत का एहसास भी करा दिया। पंवार ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। उनके साथ भाजपा की एक मजबूत टीम खड़ी दिखाई दे रही है। जिसके दम पर वह मजबूत दिखाई दे रहे हैं। साथ ही मतदाताओं का जो समर्थन उन्हें मिल रहा है उससे विपक्ष की नींद उड़ी हुई है।

### रियलमी जीटी 5जी सीरीज और लैपटॉप रियलमी बुक (स्लिम) लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड एवं सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड रियलमी ने आज अपनी फ्लैगशिप किलर सीरीज रियलमी जीटी 5जी सीरीज प्रस्तुत की, जिसमें दो अद्भुत 5जी स्मार्टफोन, रियलमी जीटी 5जी और रियलमी जीटी मास्टर एडिशन 5जी शामिल हैं। कंपनी ने अपना पहला लैपटॉप, रियलमी बुक (स्लिम) भी लॉन्च किया। यह अपने सेगमेंट का सबसे स्लिम एवं सबसे कम वजन का लैपटॉप है।

# 82.66 लाख मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**मतदान**

■ सुबह आठ बजे से शाम छह बजे के बीच होगा मतदान

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की पाचवीं निर्वाचित विधानसभा के लिए सोमवार को मतदान होने जा रहा है। रविवार शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी हैं। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतदान 14 फरवरी सुबह आठ बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। पिछली बार प्रदेश में कुल 65.56 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार निर्वाचन आयोग के सामने कोविड के चलते मत प्रतिशत बढ़ाने की भी चुनौती होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य के सभी 11697 बूथों पर पोलिंग पार्टियां मतदान के साजो सामान के साथ पहुंच चुकी हैं। कुल 82.66 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस बार आयोग ने मतदान के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया है। इस कारण शाम छह बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। साल 2012 और 2017 में क्रमश 67.22 और 65.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, इस बार आयोग मत प्रतिशत में बढ़ोत्तरी की उम्मीद जता रहा है। इधर, डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि मतदान के दिन सभी राज्य और जिला बॉर्डर पर हर वाहन की जांच होगी। निजी कार्य से कहीं भी वाहन से आने जाने पर कोई रोक नहीं है, कोई पर्यटक या तीर्थ यात्री उत्तराखंड आ सकता है। लेकिन किसी भी स्थिति में इसका इस्तेमाल चुनाव संबंधित कार्यों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। सौजन्या ने बताया कि उत्तराखंड में मतदान को देखते हुए सीमावर्ती राज्यों यूपी, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने भी इन राज्यों में कार्यरत उत्तराखंड के मतदाताओं के लिए सवेतन अवकाश की घोषणा की है। इसके साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने संपूर्ण उत्तराखंड में सोमवार को सम्पूर्ण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यदि अवकाश के बदले किसी कर्मचारी या मजदूर का वेतन, मजदूरी में कटौती की गई तो उनके ऐसे नियोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में 43,048 मतदाता पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इसमें सर्विस वोटर, निर्वाचन कर्मी और घर से मतदान करने वाले मतदाता शामिल है। निर्वाचन आयोग ने इस श्रेणी में कुल 1,57,216 मतपत्र जारी किए थे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट जारी किए थे यदि उन्होंने पोस्टल बैलेट से मतदान नहीं किया है तो अब वो बूथ पर वोट नहीं दे पाएंगे।

इधर, पुलिस ने मतदान के दिन सीमाओं को सील करने से परहेज किया है। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि सभी इंटरनेशनल, अंतरराज्यीय ओर जिला बॉर्डर खुले रहेंगे। अलबत्ता सभी चेक पोस्ट पर वाहनों की कड़ी जांच होगी। उन्होंने बताया कि जिलों के अंदर भी निजी वाहनों की आवाजाही की किसी तरह की रोक नहीं है। लोग अपने जरूरी काम के लिए निजी वाहन इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन किसी भी स्थिति में इनका प्रयोग चुनाव के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने बताया कि मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में किसी भी तरह की चुनाव सामग्री का इस्तेमाल नहीं होगा। चुनाव एजेंट भी प्रत्याशी की बिना फोटो और चिन्ह युक्त बैनर ही लगा पाएंगे। इसी तरह जनसामान्य भी मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल का प्रयोग नहीं कर पाएगा। आयोग ने निगरानी के लिए सभी ईवीएम पर जीपीएस भी लगाया हुआ है।

### प्रदेश में 173 पोलिंग बूथ अतिसंवेदनशील

देहरादून। लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने सवा लाख से अधिक कार्मिकों को तैनात किया है। विधानसभा चुनाव 2022 में 173 अति संवेदनशील बूथ चयनित किए गए हैं। प्रदेशभर में क्रिटिकल बूथों की संख्या 776 है, जो यकीनन पुलिस–प्रशासन की अग्नि परीक्षा लेगी। इधर, पुलिस ने आम लोगों की असुविधा को देखते हुए वाहनों को आवाजाही से छूट प्रदान कर दी है, लेकिन साफ किया है कि निजी वाहनों से वोटर नहीं ढोए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस बार कोविड प्रोटोकॉल के तहत मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ानी पड़ी है, इस कारण कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ी है। पूरे प्रदेश में कुल मिलाकर 79,315 कर्मचारी चुनाव ड्यूटी देंगे। इसके अलावा 36,095 सुरक्षा कर्मियों के अलावा 23 कंपनी पीएसी और 114 कम्पनी केंद्रीय बलों की भी तैनाती की गई है।

### सीमाओं को सील करने से परहेज किया

पुलिस ने मतदान के दिन सीमाओं को सील करने से परहेज किया है। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि सभी इंटरनेशनल, अंतरराज्यीय ओर जिला बॉर्डर खुले रहेंगे। अलबत्ता सभी चेक पोस्ट पर वाहनों की कड़ी जांच होगी। उन्होंने बताया कि जिलों के अंदर भी निजी वाहनों की आवाजाही की किसी तरह की रोक नहीं है।

# लोगों को मताधिकार के प्रयोग के प्रति किया जागरूक

**अभियान**

■सुरक्षा कर्मियों के अलावा 23 कंपनी पीएसी और 114 कम्पनी होंगी तैनात

**संवाददाता**

देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने अवगत कराया कि जनपद में विभिन्न बूथों पर दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु बूथों पर सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्रवार ''आदर्श पोलिंग बूथ'' एवं ''सखी'' बूथ स्थापित किए गए हैं। जनपद में 23 आदर्श बूथ एवं 18 सखी बूथ बनाए गए हैं। जनपद में कोविड सुरक्षा के दृष्टिगत मतदेय स्थलों पर पर सैनिटाइजेशन करवाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी डॉ, आर राजेश कुमार के निर्देशों के अनुपालन में नोडल अधिकारी स्वीप/संयुक्त मजिस्ट्रेट आंकाशा वर्मा के नेतृत्व में स्वीप की विभिन्न टीमों द्वारा जनपद में स्वीप कार्यक्रम में अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से सभी वर्गों प्रथम बार वोटर, युवा, दिव्यांग, महिला वृद्धजन, किन्नर मतदाताओं को अपने मताधिकार को प्रयोग करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



जनपद में आज विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक दलों द्वारा संगीत एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए जनमानस को 14 फरवरी मतदान हेतु जागरूक किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी डॉ, आर राजेश कुमार ने सभी जनपदवासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व पर 14 फरवरी को मतदान के दिवस के दिन अपने सबकाम छोड़कर अवश्य ही मताधिकार का प्रयोग करते हुए जनपद में को अधिक वोटिंग प्रतिशत् वाला जनपद बनाने की अपील जाएं। उन्होंने सभी वर्गों, युवा, महिला, दिव्यांग, थर्ड जैण्डर, वृद्ध मतदाताओं से अपना मताधिकार का प्रयोग करने तथा अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपेक्षा की है।

### मुख्य सचिव ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सभी श्रेणियों के मतदाताओं के लिए सुगम एवं सहभागी बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गयी है। इस वर्ष कोविड संक्रमण की परिस्थितियों के बीच राज्य में सामान्य विधानसभा निर्वाचन भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश अनुसार कोविड प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जा रही है। मुख्य सचिव ने विशेषकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं से अपने मतदान का प्रयोग कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए शत प्रतिशत मतदान की अपील की है। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।